समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 की नींव

सच्चा वादा, पक्का काम के संकल्प के साथ किसानों से किए वादे पूरे कर रही सरकार

भोपाल, 29 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट विजन 'सच्चा वादा और पक्का काम' के अनुरूप प्रदेश सरकार किसानों से किए गए हर संकल्प को धरातल पर उतार रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा है कि 'मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है. हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है.' किसान कल्याण एवं

कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस मंशा को विभाग हर योजना में आत्मसात कर रहा है.

किसानों से किए वादों को पूरा करने की दिशा में सरकार ने एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की है. वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित था. राज्य सरकार ने उस पर 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया, इस प्रकार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई थी. रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस अलग से दिया जा रहा है.

यंत्रीकरण, वैज्ञानिक खेती से बढ़ रही आय

कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि कृषि उत्पादन की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रीकरण को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है. ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत सुपर सीडर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, बीज-उर्वरक ड्रिल आदि कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है. प्रदेश के 2,500 कस्टम हायरिंग सेंटर से किसान किराए पर मशीनें ले रहे हैं. साथ ही बेहतर फसल उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य के लिए एवं संतुलित पौध पोषण के लिए विभाग निःशुल्क मिट्टी परीक्षण कर रहा है. मिट्टी परीक्षण से नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर व सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है, जिससे किसान संतुलित मात्रा में उर्वरक डालकर लागत घटा सकते हैं. जायद सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रमाणित बीज भंडारित किए गए हैं और मूंग-उड़द बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है. रायजोबियम कल्चर सभी विकासखंडों में निःशुल्क उपलब्ध है.

सीएम करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निरीक्षण में देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानों को प्राप्त हो रही है या नहीं. आकस्मिक निरीक्षण के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हेलीकॉप्टर किसी भी समय, कहीं पर भी उतर सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सहूलियत के लिये गेहूँ उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है.

गोवंश के अंग मिलने से स्थानीय लोगों में रोष, किया प्रदर्शन

आगर मालवा, 29 अप्रैल. छावनी वार्ड नंबर 19 में नाग मंदिर के पास बुधवार सुबह गोवंश के अंग मिलने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया.

जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करने लगे. एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल मालवीय पुलिस टीम के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया. इधर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता छावनी नाके पर गोवंश के अंग की शव यात्रा ले जाकर प्रदर्शन करने लगे.

एक नजर में

रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने पोरवाल

भोपाल. मनोहर पोरवाल को रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जारी आदेश में गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. आदेश में रतलाम विकास प्राधिकरण के सदस्यों की भी नियुक्ति की गयी है. इनमें राजेन्द्र सिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास और किरण महावर के नाम शामिल हैं. सभी पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है. चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में श्री विजय यादव को नियुक्त किया गया है. इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है.

व्यापार मेले को राष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे

ग्वालियर. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को नव नियुक्त अध्यक्ष अशोक जादौन एवं नवनियुक्त उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर ने पदभार ग्रहण किया. समारोह में सम्मिलित होकर वरिष्ठ नेताओं ने नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह में अध्यक्ष नवनियुक्त अशोक जादौन एवं उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि सालभर मेला लगता रहे इसके प्रयास किए जाएंगे. इसके लिए दिल्ली के प्रगति मैदान की तरह आयोजन लगातार किए जाएंगे.

भीषण गर्मी का रेड अलर्ट पारा 45 डिग्री के पार

दोपहर में सड़कों पर पसर रहा सन्नाटा

भोपाल, 29 अप्रैल. प्रदेश में गर्मी के तेवर अब प्रचंड रूप लेता जा रहा है. जिससे सड़कों पर चलने वाले लोग न केवल सर को ढक कर चल रहे है बल्कि बिना वजह घरों से निकलना भी कम कर दिया है.

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म जिलों में खजुराहो और सबसे कम गर्म क्षेत्रों में पचमढ़ी शामिल रहा. तो भोपाल का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर रहा. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू चलने की बात कही गई है. प्रदेश में खरगोन और खंडवा ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और रतलाम जैसे शहरों में भी बुधवार का तापमान 40 दूरी के पार रहा. वहीं प्रदेश भर में गर्मी और तेज धूप का आलम ये है कि दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे हैं.

मौसम विभाग ने दी चेतावनी

अगले 3 से 4 दिनों तक गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में तीव्र लू चलने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिकों ने नागरिकों को दोपहर 12 से शाम 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है.

इन जिलों में हो सकती है छुटपुट बारिश

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरेना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में छुटपुट बारिश, गरज और चमक की स्थिति बन सकती है.

शिवपुरी में जल संकट, 3 दिन से बाधित आपूर्ति

शिवपुरी. शहर में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहरा गया है. मणि खेड़ा बांध से होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले तीन दिनों से बाधित होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नगर पालिका द्वारा संचालित मणि खेड़ा बांध जल वर्धन योजना से पूरे शहर को पानी उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था में उपयोग हो रही तीनों विद्युत मोटरों के पुराने और बार-बार खराब होने के कारण जल सप्लाई प्रभावित हो गई है. नगर पालिका सूत्रों के अनुसार तीन मोटरों में से केवल एक मोटर ही आंशिक रूप से चालू है, जिससे सीमित मात्रा में पानी निचले क्षेत्रों की टंकियों तक ही पहुंच पा रहा है.

एमपी में गेहूं खरीदी व्यवस्था ध्वस्त : पटवारी

किसान मजबूरन कम दामों पर फसल बेचने को विवश

किसानों को स्लॉट बुकिंग में हो रही तकनीकी समस्या

मूंग खरीदी पर जल्द निर्णय लेने की मांग की

विशेष संवाददाता

भोपाल, 29 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह अव्यवस्थित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्लॉट बुकिंग की तारीखों को बार-बार बढ़ाना किसानों की

समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता को छिपाने का प्रयास है.

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही चेताया था कि खरीदी की धीमी गति के चलते सरकार अपने घोषित 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को निर्धारित समय में हासिल नहीं कर पाएगी. उन्होंने कहा कि लगभग 245 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के बावजूद खरीदी लक्ष्य आधे से भी कम रखा गया है, जिससे बड़ी संख्या में किसान मजबूरन कम दामों पर फसल बेचने को विवश हैं.

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. सर्वर धीमे हैं, वेबसाइट बार-बार बंद हो रही है और बार-बार सत्यापन संदेश आ रहे हैं, जिससे समय पर पंजीयन नहीं हो पा रहा. छोटे किसान, जिनके पास भंडारण की सुविधा नहीं है, मंडियों में 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल के कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं, जबकि समर्थन मूल्य 2625 रुपये है.

पटवारी ने भिंड, मुरैना और राजगढ़ जिलों में खरीदी पंजीयन में गड़बड़ी का आरोप भी लगाया, जहां बिना जमीन वाले लोगों को किसान बताकर पंजीयन किए जाने की बात कही गई. उन्होंने खरीदी व्यवस्था में तत्काल सुधार, कथित फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच और मूंग खरीदी पर जल्द निर्णय लेने की मांग की.

अवैध हथियार निर्माण, बिक्री मामले में 7 आरोपी दोषी

10 वर्ष तक का कारावास

दमोह, 29 अप्रैल. न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा ने अवैध हथियार बनाने व उनकी बिक्री के मामले में 7 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है. इस प्रकरण में मप्र शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई.

मामले के अनुसार, दिनांक 2 जनवरी 2025 को थाना कोतवाली में पदस्थ एएसआई राकेश पाठक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चैनपुरा मोहल्ले में तीन व्यक्ति बोरी में अवैध हथियार लेकर उन्हें बेचने की फिराक में बैठे हैं. सूचना के आधार पर एएसआई राकेश पाठक ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी, जहां तीन संदिग्ध व्यक्ति बोरी के साथ पाए गए. पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर बोरी से 10 देसी कट्टे व 2 पिस्टल बरामद किए गए. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भूरा उर्फ रजनीकांत विश्वकर्मा (23), भारतभूषण बंसल (39) व परमसुख रैकवार (60) बताए. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे इन हथियारों को सोहेल खान, समीर खान, रितिक राज एवं दुर्गा पटेल को बेचते थे, जो आगे अन्य लोगों को सप्लाई करते थे.

अपेक्स बैंक के नव नियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह ने किया पदभार ग्रहण

भोपाल, 29 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपेक्स बैंक के नव नियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह यादव एवं मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया. प्रदेश कार्यालय से अपैक्स बैंक एवं मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन पहुचंकर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री व पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन अर्चन कर पदभार ग्रहण किया.

रेलवे सुरक्षा मजबूत करने उच्चस्तरीय बैठक

विशेष संवाददाता

भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश के विस्तृत रेल नेटवर्क की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य रेलवे सुरक्षा उच्चस्तरीय समन्वय समिति की बैठक पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने की.

बैठक में विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, निगरानी तंत्र को मजबूत करने तथा आगामी बड़े आयोजनों, विशेष रूप से सिंहस्थ 2028, को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक तैयारी पर जोर दिया गया. डीजीपी मकवाणा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर अग्रिम योजना, सतत निगरानी और त्वरित समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सके.

साथ ही सिंहस्थ 2028 से जुड़ी व्यवस्थाओं, जैसे अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन, स्टेशन प्रबंधन की मजबूती, यात्री दबाव का प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया. इन चुनौतियों से निपटने के लिए बहु-एजेंसी समन्वय की प्रारंभिक रूपरेखा भी तैयार की गई. बैठक में विशेष पुलिस महानिदेशक (रेल) रवि कुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) ए. साईं मनोहर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो तथा विभिन्न रेलवे जोनों के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े.

बोलेरो-कार में सीधी भिड़ंत, दम्पत्ति की मौत

सिंगरौली. सीधी - सिंगरौली नेशनल हाईवे - 39 के गोपद पुल पर बोलेरो एवं कार के बीच हुई आमने-सामने भिड़ंत में कार में सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं मृतक की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया है. बिटिया की हालत गंभीर है. कार को किराए से लेकर गायत्री प्रसाद तिवारी बैढ़न स्थित पचखोरा अपने आवास पत्नी ममता तिवारी एवं बेटी नेहा तिवारी के साथ यूपी के हलिया गांव से आ रहे थे कि करथुआ एवं बहरी के मध्य स्थित गोपद पुल पर बेकाबू बोलेरो वाहन करथुआ-झोको की ओर से आ रही थी कि गोपद पुलिया पर बोलेरो चालक ने सीधे टक्कर मार दिया.

हरदा में अमृत भारत ट्रेन का शुभारंभ

केंद्रीय मंत्री दुर्गा दास उईके ने दिखाई हरी झंडी

भोपाल, 29 अप्रैल. भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक और किफायती यात्रा का तोहफा देते हुए शुरू की गई बनारस हडपसर नई अमृत भारत एक्सप्रेस का बुधवार को हरदा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया.

इस गौरवशाली अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गा दास उईके ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया. इस अवसर पर विधायक डॉ रामकिशोर दोगने पूर्व मंत्री कमल पटेल नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया और

जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने भी उपस्थिति दर्ज कराई. बता दें अमृत भारत एक्सप्रेस अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है. यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसमें स्वदेशी कवच प्रणाली सेमी ऑटोमैटिक कपलर और क्रैश ट्यूब जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं. ट्रेन के भीतर एयर स्प्रिंग सस्पेंशन और रेडियम युक्त फ्लोरिंग स्ट्रिप लगाई गई है जो रात के सफर को सुगम बनाती है. हर कोच में फोल्डेबल स्नैक टेबल मोबाइल होल्डर रीडिंग लाइट और फास्ट चार्जिंग पोर्ट की सुविधा दी गई है. प्रसाधनों में भी ऑटोमैटिक सोप डिस्पेंसर जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं मौजूद हैं जो इसे एक प्रीमियम श्रेणी की ट्रेन बनाती हैं.

इटारसी में अमृत भारत ट्रेनों का भव्य स्वागत

भोपाल. भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक और किफायती रेल यात्रा का उपहार देते हुए शुरू की गई दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का बुधवार को इटारसी रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया. बनारस हडपसर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस के विशेष उद्घाटन फेरे इटारसी पहुंचे. इस ऐतिहासिक अवसर पर नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने हरी झंडी दिखाकर इन ट्रेनों को गंतव्य के लिए रवाना किया.

किसान मुद्दा | मध्य प्रदेश के बासमती उत्पादक लंबे समय से भौगोलिक संकेतक टैग की कर रहे हैं मांग

जैविक कपास में अनियमितताओं पर दिग्विजय चिंतित

विशेष संवाददाता

भोपाल, 29 अप्रैल. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य में उत्पादित बासमती चावल और जैविक कपास से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाने की मांग की है.

अपने पत्र में सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के बासमती उत्पादक लंबे समय से भौगोलिक संकेतक टैग की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है.

सिंह के अनुसार, भौगोलिक संकेतक टैग न होने के कारण अन्य राज्यों के व्यापारी मध्य प्रदेश में उत्पादित बासमती को अपने-अपने क्षेत्रीय नामों से निर्यात कर रहे हैं, जिससे स्थानीय किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने जैविक कपास के क्षेत्र में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए. सिंह ने कहा कि कुछ व्यापारी, प्रमाणन एजेंसियां और अधिकारी मिलीभगत कर पारंपरिक बीटी कपास को जैविक बताकर प्रमाणित कर रहे हैं, जिससे वास्तविक उत्पादकों को नुकसान हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की साख प्रभावित हो रही है.



पहले भी इन मुद्दों को राज्यसभा में उठा चुके

कांग्रेस नेता ने उल्लेख किया कि वे पहले भी इन मुद्दों को राज्यसभा में उठा चुके हैं और प्रधानमंत्री सहित संबंधित मंत्रियों को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है. उन्होंने प्रस्तावित बैठक में बासमती को भौगोलिक संकेतक टैग दिलाने और जैविक कपास के प्रमाणन व निर्यात प्रणाली में सुधार पर ठोस निर्णय लेने की आवश्यकता बताई. सिंह ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार किसानों के हितों की रक्षा और निर्यात प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कदम उठाएगी.

मूर्ति चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश पुलिस ने दतिया जिले के सोनागिर स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में हुई हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने करीब 25 लाख रुपये मूल्य की चोरी गई सामग्री बरामद कर ली है, जिसमें भगवान की चांदी की मूर्ति, चांदी का सिंहासन और अन्य धार्मिक वस्तुएं शामिल हैं. यह चोरी 4-5 अप्रैल की रात को पहाड़ी पर स्थित इस प्रमुख जैन तीर्थस्थल पर हुई थी, जो जैन समाज की आस्था का केंद्र है. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने त्वरित जांच शुरू कर दी थी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 20-20 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी.

कार्यालय नगर परिषद बड़कुही तह0 परासिया जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र)

क्रमांक / 284/ न.पा./2026 — बड़कुही दिनांक:-28/04/2026

//निविदा सूचना//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु गवर्मेंट ई-मार्केट (GEMS) में पंजीकृत विक्रेताओ/सर्विस प्रोवाईडरों से गवर्मेंट ई-मार्केट (GEMS) के माध्यम से ऑनलाईन निम्न सेवा एवं सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा (BIDS) का विस्तृत बेबसाईट https://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	अनुमानित राशि (लाख रु. में)	धरोहर राशि (लाख रु. में)	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	कार्य की समयावधी
1	2	3	4	5	6	7
GEM/2025/B/7471177	Lighting pole or post and hardware	200000.00	As per Gems Rules	As per Gems Rules	सक्षम श्रेणी	15 दिवस

शर्ते - (1) निविदा वेबसाईट https://www.gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। (2) निविदा प्रारम्भ की दिनांक 23.04.2026 एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.04.2026 है।

नोट - (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन (GEM) में संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रो में नही।

CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PARISHAD BADKUHI